चारकोल चित्रांकन कला प्रदर्शनी

चर्चा में क्यों?

14 जून, 2022 को राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा आयोजित 'चारकोल चित्रांकन कला प्रदर्शनी' का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- राज्यपाल ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित चारकोल से उकेरी गई माउंट आबू की नक्की झील, गुरु शिखर के नैसर्गिक सौंदर्य, किले, महलों के साथ-साथ पोर्ट्रेट्स, झरोखे आदि के चित्रों का अवलोकन करते हुए इन्हें सुंदर कलाकृतियाँ बताया।
- पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने बताया कि केंद्र की ओर से माउंट आबू में गत दिनों आयोजित चारकोल चित्रांकन कैंप में 24 कलाकारों द्वारा चारकोल से सुंदर चित्रों का सृजन कैनवास पर किया गया। इन चित्रों को यहाँ राजभवन में आयोजित 'चारकोल चित्रांकन कला प्रदर्शनी' में प्रदर्शित किया जाएगा।
- इसके अलावा राज्यपाल ने पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित तीनदिवसीय 'भक्ति उत्सव' का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।
- 'भक्ति उत्सव' में भक्ति रस से सराबोर कबीर वाणी, भजन और सूफी संगीत की कलाकारों द्वारा भावपूर्ण प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/charcoal-painting-art-exhibition